अब आत्मा में होगा डिप्लोमा कोर्स

[देवघर/संवाददाता]

40 अभ्यर्थियों की कक्षा शुरू

आत्मा देवघर द्वारा डिप्लोमा पाठ्यक्रम डीइएसई की शुरुआत रविवार को किया गया। जिसका उद्घाटन आज पंचायत प्रशिक्षण संस्थान में डीडीसी जन्मेजय ठाकुर एवं प्रशिक्षु आईएएस आदित्य रंजन ने संयुक्त रुप से किया।

मौके पर डीडीएम नाबार्ड बैद्यनाथ सिंह, आत्मा निदेशक डॉ रमेश कुमार एवं उपनिदेशक मंटू कुमार ने विचार रखे। इस अवसर पर इनपुट डीलर खाद तथा उर्वरक विक्रेता उपस्थित थे। ज्ञात हो कि कीट नाशक दवा, खाद, बीज का व्यवसाय करने वाले लोगों को डीईएसई कोर्स करना अनिवार्य होगा। एक वर्ष तक प्रत्येक रविवार को चलने वाले डिप्लोमा कोर्स में 30 देवघर, आठ दुमका व दो गोड्डा के अभ्यर्थी नामांकन लिया है। जिसमें आठ फिल्ड विजिट व 40 थ्योरी कक्षा होगी। दह फिल्ड विजिट एवं 32 थ्योरी कक्षा में उपस्थित रहने वाले अभ्यर्थी को ही प्रमाणपत्र दिया जाएगा। डिप्लोमा कोर्स मे कृषि संबंधी नयी वैज्ञानिक तकनीक, कृषि अधिनियमों जैविक खेती, जलवायु परिवर्तन सहित अन्य विषयों की शिक्षा दी जाएगी।

24-10-2016

प्रभात खबर - 14/10/2016

कार्यकर्ताओं के प्रति महासंघ ने जताया आभार

देवघर. झारखंड पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक महासंघ की ओर से रांची में आहूत धरना में शामिल हुए कार्यकर्ताओं के प्रति महासंघ के संरक्षक ने आभार जताया है. कहा है कि 36 प्रतिशत मांगों को लेकर सूबे के राज्यपाल के नाम ज्ञापन रांची में महासंघ के शिष्ट मंडल की ओर से सौंपा गया. जानकारी देते हुए महासंघ के प्रदेश संरक्षक पप्पू राउत ने जानकारी दी है कि लालचंद महतो की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा गया. शिष्टमंडल में इन लोगों के अलावा शंकर चौधरी, प्रेम कटारूका,इंद्रदेव महतो, पप्पू राउत, उपेंद्र नारायण सिंह, अब्दुल खालिद आदि थे. उन्होंने कहा है कि चार सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया. देवघर जिला समेत अन्य जिलों से शामिल कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया है.

खाद-बीज दुकानदार को करना होगा एक वर्ष का कोर्स

- **अगर बीएससी नहीं हैं तो कोर्स करना अनिवार्य**
- **कृषि विभाग से कराया जायेगा कोर्स**

संवाददाता ▸ देवघर

अगर खाद-बीज दुकानदार बीएससी या कृषि से स्नातक पास नहीं हैं तो उनका खाद-बीज दुकान का लाइसेंस रद्द हो जायेगा. खाद-बीज की दुकान खोलने के लिए कृषि विभाग (आत्मा) से संबंधित दुकानद को एक वर्ष का डिप्लोमा करना होगा. बीएससी या कृषि से स्नातक पास दुकमानदार को यह कोर्स करना अनिवार्य नहीं है. केंद्र सरकार कृषि क्षेत्र में तकनीकी बढ़ावा देने के लिए कृषि उपादान विक्रेताओं को तकनीकी शिक्षा से समृद्ध करने की योजना बनायी है, ताकि विक्रेता किसानों को यह बता सकेंगे कि किस तकनीकी विधि व कौन सा बीज से बेहतर उत्पादन किया जा सके. केंद्र सरकार कृषि उपादान विक्रेताओं के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू कर रही है. इस एक वर्ष के डिप्लोमा में कुल 20 हजार रुपये लगेंगे. इसमें 10 हजार रुपये प्रतिभागी व 10 हजार रुपये केंद्र सरकार देगी. यह कोर्स 23 अक्तूबर से पंचायत प्रशिक्षण संस्थान (जसीडीह) से शुरू हो रहा है. प्रत्येक रविवार को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा ट्रेनिंग दी जायेगी. आत्मा के परियोजना उपनिदेशक मंटू कुमार ने बताया कि पहले चरण में 40 प्रतिभागियों को पहले चरण में ट्रेनिंग दी जायेगी. अगले चरण के लिए इच्छुक व्यक्ति आत्मा कार्यालय से फार्म प्राप्त कर सकते हैं.

தினகரன்
ஞாயிற்றுக்கிழமை • 14.2.2016

உரக்கடை உரிமையாளர்களுக்கு ஓராண்டு பட்டயப்படிப்பு

தேனியில் கருத்தரங்கம் நடந்தது

தேசிய வேளாண்மை விரிவாக்க நிலையம் மேலாண்மை நிலையம் சார்பில், உரக்கடை உரிமையாளர்களுக்கு வழங்கப்படும் ஓராண்டு பட்டயப்படிப்பு குறித்த கருத்தரங்கம் தேனியில் நடந்தது.

தேனி, பிப். 14: உரக்கடை நடத்தும் உரிமையாளர்களுக்கு பட்டயப்படிப்பு குறித்த கருத்தரங்கம் தேனியில் நடந்தது.

விவசாயிகள் நீர்வளத்திற்கு அடுத்தபடியாக உரங்களை பயன்படுத்துகின்றனர். உரங்களை விற்பனை செய்யும் கடைக்காரர்களுக்கு எந்தவொரு கல்வித் தகுதியும் நிர்ணயம் செய்யப்படவில்லை. ஆங்கில மருந்துக்கடை நடத்துவோர் பார்மசிஸ்ட் படித்திருக்க வேண்டும் என தகுதி உள்ளது. விவசாயிகள் தங்களது நிலங்களில் விளைவிக்கும் பயிர்களுக்கு தேவையான விதை ரகங்கள், உரங்கள் குறித்து உரக்கடைக்காரர்களிடம் ஆலோசனை பெறுகின்றனர். சில நேரம் அவர்கள் பரிந்துரை செய்யும் விதைகள் விளைச்சல் தராமல் ஏமாற்றத்தை தருகிறது.

இதனை தவிர்க்க, உரக்கடை நடத்துவோரை ஒழுங்குபடுத்தும் வகையில் மத்திய அரசின் நிறுவனமான தேசிய வேளாண்மை விரிவாக்க மேலாண்மை நிலையம் புதிய பட்டயப்படிப்பை அறிமுகம் செய்துள்ளது. ஓராண்டு கால படிப்பான இடுபொருள் வியாபாரிகளுக்கான தொழில்நுட்பம் குறித்த பட்டயப்படிப்பு உரக்கடை உரிமையாளர்களுக்கு கற்றுக் கொடுக்கப்படுகிறது. இப்படிப்பினை தேனி மாவட்டத்தில் விஏபிஎஸ் எனும் தொண்டு நிறுவனம் சார்பில் நடத்தப்பட்டு வருகிறது. தேனியில் இடுபொருள் விவசாயிகளுக்கான ஓராண்டு தொழில்நுட்ப பட்டயப்படிப்பு குறித்த கருத்தரங்கம் தேனியில் நடந்தது. இதனை வேளாண்மை இயக்குநர் ராஜேந்திரன் துவக்கி வைத்தார்.

இக்கருத்தரங்கில் உரக்கடை வியாபாரிகள் இத்தகைய பட்டயப்படிப்பு படிப்பதன் மூலம் மண்ணின் தன்மை, பூச்சிகளின் செயல்கள், பூச்சி மருந்தின் தன்மைகள், இயற்கை விவசாயம், பயிர்சாகுபடி, உரக்கட்டுப்பாடு சட்டம், பூச்சிமருந்து சட்டம், விதைச் சட்டம் குறித்து கற்பிக்கப்படுவதாக தெரிவிக்கப்பட்டது. தொழில் நுட்பம் அறிந்து விவசாயிகளுக்கு உரங்கள், பூச்சி மருந்துகள் விற்பனை செய்யும் போது, விவசாயிகள் முழு பலனை அடைய முடியும் என விளக்கப்பட்டது.